an>

Title: Need to set up a university in Sidhi or Singrauli in Madhya Pradesh.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) : महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूँ। शून्य काल के माध्यम से कई बार अपने क्षेत्र की समस्याओं को यहाँ पर रखने का मुझे अवसर प्राप्त हुआ है। मैं आज फिर से अपने क्षेत्र की एक समस्या, शिक्षा की समस्या को आप सबके सामने सदन के माध्यम से निश्चित स्थान पर पहुँचाने का प्रयास कर रही हूँ। मैं मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय क्षेत्र से आती हूँ, जो क्षेत्रफल की दृÂिट से वृहद एवं संसाधन की दृÂिट से समृद्ध भी है। वहाँ पर कई सारे औद्योगिक क्षेत्र भी हैं।

महोदय, मेरे क्षेत्र में सिर्फ शिक्षा की ही समस्या नहीं है, क्योंकि न जाने कितनी औद्योगिक इकाईयाँ मेरे क्षेत्र में स्थापित हैं, शिक्षा व्यक्ति को सामाजिक प्रतिÂठा दिलाने का आधार है, शिक्षा आत्म सम्मान की परिचायक है, शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है, शिक्षा अस्तित्व को चिन्हित करती है। निश्चित रूप से यह आधार मेरे क्षेत्र के बच्चों को और युवाओं के लिए पर्याप्त नहीं हैं। अतः आपके माध्यम से और इस सदन के माध्यम से मैं अपने क्षेत्र के मज़दूरों के बच्चों, अपने क्षेत्र के किसानों के बच्चों के लिए आज यह अपील करती हूँ कि मानव संसाधन विकास मंत्री के द्वारा हमारे संसदीय क्षेत्र में एक ऐसे विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए जिससे हमारे क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा का स्तर मज़बूत हो सके और हमारे संसदीय क्षेत्र से दूसरे संसदीय क्षेत्र में स्थापित विश्वविद्यालय, जिसकी दूरी कम से कम 200 किलोमीटर की है, जिससे हमारे बच्चों को, हमारे युवाओं को वहाँ पर जाने में, आवागमन की सुविधा में बिल्कुल भी सही नहीं लगता है और हमारा क्षेत्र रेलवे से विहीन भी है। इसलिए मैं ऐसा कहती हूँ कि मानव संसाधन विकास मंत्री हमारे क्षेत्र में विश्वविद्यालय की स्थापना करें।